| |
|---|
| प्रेस नोट—वामा सारथी. 02 / 2026 |
| दिनॉक: 08.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## नारी शक्ति को नमन — वामा सारथी का विशेष सम्मान समारोह

- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, वामा सारथी द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन वामा सारथी कार्यालय, लखनऊ में किया गया।**
- **एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी सिंह की विशेष पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में यूपी पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों के परिवार की उन महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियाँ अर्जित कर समाज के लिए प्रेरणा की नई मिसाल कायम की है।**
- **इस हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए, जिसमें कुल 530 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। वामा सारथी की स्क्रीनिंग समिति द्वारा इन प्रविष्टियों की गहन समीक्षा के उपरांत 14 महिलाओं एवं बालिकाओं को मुख्यालय स्तर पर सम्मानित किए जाने हेतु चयनित किया गया।**
- **सम्मान समारोह में श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने प्रत्येक सम्मानित महिला को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा — "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन असाधारण महिलाओं को सम्मानित करना समस्त उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के लिए गर्व एवं गौरव का क्षण है। इनकी उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज की हर बेटी, हर माँ और हर महिला के लिए एक प्रकाशस्तंभ हैं।"**
- **वामा सारथी द्वारा आयोजित आज का यह सम्मान समारोह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम 'Give To Gain' — अर्थात् 'देने में ही पाना है' — से प्रेरित है।**
- **यह थीम इस विश्वास पर आधारित है कि जब हम महिलाओं को ज्ञान, अवसर, सहयोग और सम्मान देते हैं, तो इससे न केवल वे, बल्कि समस्त समाज समृद्ध होता है।**

इस अवसर पर निम्नलिखित महिलाओं / बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया:

**1. सुश्री स्वाति रोझा | मोटो व्लॉगर एवं डिजिटल क्रिएटर | शामली**
**पुत्री: उ.नि. श्री कर्मबीर सिंह**

दिल्ली विश्वविद्यालय से फिजियोथेरेपी में प्रथम श्रेणी से स्नातक सुश्री स्वाति रोझा एक साहसी मोटरसाइकिल राइडर एवं डिजिटल क्रिएटर हैं। उनके यूट्यूब चैनल पर 4.6 लाख से अधिक सब्सक्राइबर तथा इंस्टाग्राम पर 5.6 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। उन्हें 'पेट्रोलहेड ऑफ द ईयर — फीमेल विनर' पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

**2. श्रीमती खुशबू सिंह | व्यवसाय एवं उद्यमिता | महराजगंज**
**धर्मपत्नी: निरीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह**

परास्नातक उपाधि के बाद श्रीमती खुशबू सिंह ने अक्टूबर 2024 में 'Click & Shop' वेबसाइट एवं मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किराना एवं घरेलू वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री और होम डिलीवरी का व्यवसाय प्रारंभ किया।

**3. एवं 4. सुश्री अपूर्वा एवं सुश्री अपूर्वी | शिक्षा (संस्कृत प्रचार) | बुलंदशहर**
**पुत्रियाँ: उ.नि. श्रीमती बोबेश धीमान**

संस्कृत भाषा को विलुप्त होते देख इन दोनों बहनों ने 2020 में 'एक कदम संस्कृत की ओर' अभियान प्रारंभ किया। सोशल मीडिया पर रोचक वीडियो के माध्यम से युवाओं में संस्कृत के प्रति उत्साह जागृत करते हुए उन्होंने 5.5 लाख से अधिक अनुयायियों का विश्वास अर्जित किया है। इन्होंने 'The संस्कृत पाठशाला' पुस्तक भी लिखी है।

**5. सुश्री भावना चौधरी | सरकारी सेवा | गाजियाबाद**
**इंस्पेक्टर, BSF एयर विंग | पुत्री: उ.नि. श्री ब्रेश पाल सिंह**

सुश्री भावना चौधरी ने 2016 में CDSE-1 में अखिल भारतीय रैंक 8 हासिल की। सीमित रिक्तियों के कारण चयन न हो पाने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और BSF में चयनित होकर BSF एयर विंग की पहली महिला फ्लाइंग एयरक्रू / फ्लाइट इंजीनियर बनीं।

**6. सुश्री श्रेया सिंह | खेल (कराटे) | आगरा**
**पुत्री: मुख्य आरक्षी श्री जगवीर सिंह**

सुश्री श्रेया सिंह एक प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी हैं। उन्होंने कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित 'इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप' में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**7. डॉ. नेहा सिंह | चित्रकला एवं लेखन | गोरखपुर**
**गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर | CEO, पुण्यं फाउंडेशन | बहन: आरक्षी सुश्री आकांक्षा सिंह**

डॉ. नेहा सिंह एक अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार हैं। उन्होंने कला के माध्यम से 6 विश्व रिकॉर्ड — गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया, यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूएसए बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

**8. डॉ. पद्मिनी मिश्रा | शिक्षा एवं विज्ञान | गोरखपुर**
**साइंटिस्ट-बी, ICMR | पत्नी: उ.नि. श्री विवेक कुमार मिश्रा**

डॉ. पद्मिनी मिश्रा ने वर्ष 2017 में नीट उत्तीर्ण करने के बाद 2024 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से PhD की उपाधि प्राप्त की और ICMR में साइंटिस्ट-बी के पद पर नियुक्त हुईं। रेबीज रोग पर उनका शोध विश्वविख्यात 'लैंसेट' पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

**9. सुश्री साधना | सामाजिक सेवा | उन्नाव / जालौन**
**बहन: आरक्षी सुश्री संयोगिता शुक्ला, उन्नाव | ग्राम: बोहदपुरा, जालौन**

सुश्री साधना ने कक्षा 10 उत्तीर्ण करते ही गरीब बच्चों को निःशुल्क पढ़ाना प्रारंभ कर दिया। B.P.Ed करने के बाद 2017 में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में चयन के उपरान्त वे आज भी उन बच्चों की फीस, पुस्तकें, कपड़े एवं अन्य जरूरतें पूरी कर रही हैं जिनके पास संसाधन नहीं हैं।

**10. डॉ. निरिमा गौतम | सामाजिक सेवा एवं चिकित्सा | उन्नाव**
**चिकित्सक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उन्नाव | पुत्री: उ.नि. श्री जगदीश कुमार**

डॉ. निरिमा गौतम ने कठिन परिश्रम से नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर MBBS की डिग्री प्राप्त की और वर्तमान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उन्नाव में चिकित्सक के रूप में जनसेवा में समर्पित हैं।

**11 श्रीमती आकांक्षा प्रजापति | साहित्य एवं लेखन | सोनभद्र**
**धर्मपत्नी: आरक्षी श्री बाबूराम प्रजापति**

श्रीमती आकांक्षा प्रजापति की लेखन यात्रा वर्ष 2020 से निरंतर सक्रिय है। उनकी रचनाएँ 'प्रोफाउंड राइटर्स मैगजीन' में प्रकाशित हो चुकी हैं तथा लघुकथा संग्रह 'हाथी का पजामा' में उनकी चार लघुकथाएँ शामिल हैं।

**12. सुश्री निगहत | विज्ञान एवं सामाजिक सेवा | बदायूँ**
**पुत्री: अनुचर श्री नासिर**

सुश्री निगहत ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय द्वारा आयोजित फल एवं सब्जी परिरक्षण विज्ञान प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में उन्होंने फलों एवं सब्जियों के संरक्षण तथा उनसे जेली व अन्य उत्पाद तैयार करने की वैज्ञानिक तकनीकों में दक्षता हासिल की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 12 जनवरी 2016 को राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केंद्र, बदायूँ द्वारा सम्मानित किया गया।

**13. श्रीमती हेमलता यादव | लीवर दान | हरदोई**
**धर्मपत्नी: मुख्य आरक्षी श्री राकेश कुमार यादव**

जनवरी 2022 में श्री राकेश कुमार यादव के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने पर श्रीमती हेमलता यादव ने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वयं जाँच कराई और अपने पति को लीवर दान करने का साहसी निर्णय लिया।

**14. श्रीमती दीप्ति यादव | किडनी दान एवं महिला सशक्तिकरण | मुरादाबाद**
**धर्मपत्नी: मुख्य आरक्षी श्री गोविंद यादव**

श्रीमती दीप्ति यादव ने अपने पति को किडनी दान करने का साहसिक निर्णय लिया, इसके साथ ही उत्तर प्रदेश कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने घर पर ही सिलाई सेंटर स्थापित किया, जिससे वे अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रही हैं।

वामा सारथी का यह सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार की महिला शक्ति का जीवंत प्रमाण है। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से समस्त सम्मानित महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

इस अवसर पर वामा सारथी स्पेशल ईवेन्ट समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती बृजरानी स्वर्णकार, स्पेशल ईवेन्ट समिति की सदस्य श्रीमती काम्या कुलकर्णी एवं श्रीमती मेघना गुप्ता, श्रीमती पुनीता सिंह अध्यक्षा स्किल डेवलपमेंट समिति, डॉ0 चारु गाबा सचिव वामा सारथी, वामा सारथी की सदस्या श्रीमती आरती वर्मा, श्रीमती निहारिका सिंह, श्रीमती नीनू किरण, श्रीमती मनिनी श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति शर्मा एवं पुलिस कर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहें।

| प्रेस नोट–132/2026 |
| --- |
| दिनांक 08.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 करोड़ 05 लाख 40 हजार रूपये अन्तर्राष्ट्रीय कीमत के 01 किलो 27 ग्राम अवैध स्मैक**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 07.03.2026 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अम्बेहटा गंगोह रोड पर रामसहायवाला गांव गेट के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त कौशर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 करोड़ 05 लाख 40 हजार रूपये अन्तर्राष्ट्रीय कीमत के 01 किलो 27 ग्राम अवैध स्मैक, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में एनडीपीएस एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना नकुड़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कौशर निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर, हालपता ग्राम पावी सादिकपुर थाना ट्रॉनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–लगभग 02 करोड़ 05 लाख 40 हजार रूपये अन्तर्राष्ट्रीय कीमत के 01 किलो 27 ग्राम अवैध स्मैक।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि।

**जनपद संतकबीरनगर/थाना कोतवाली खलीलाबाद**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 08.03.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोड़री सड़क पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त पंकज को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पंकज निवासी गड़सरपार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

**जनपद सहारनपुर/थाना चिलकाना**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 66 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 330 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 07.03.2026 को थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दुमझेडा कट से नल्हेडा जाने वाले रोड के पास से अभियुक्त मूसा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 66 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 330 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चिलकाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मूसा निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 66 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 330 ग्राम अवैध स्मैक।

**<u>जनपद कन्नौज/थाना कोतवाली कन्नौज</u>**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **56 किलो 590 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 07.03.2026 को थाना कोतवाली कन्नौज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पाल चौराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–मन्जीत 2–उमेश 3–सतीश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 56 किलो 590 ग्राम अवैध गांजा, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कन्नौज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मन्जीत निवासी किशनपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज।

2–उमेश निवासी मोहनपुर थाना सचेडी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3–सतीश निवासी गंगधरापुर थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज।

**<u>बरामदगी</u>**

1–56 किलो 590 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 मोटर साइकिल।

- **<u>कमिश्नरेट गाजियाबाद ने Eskuf Cough Syrup व Phensedyl Cough Syrup की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 सदस्यों द्वारा तस्करी से अर्जित चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 12 करोड़ 55 लाख रूपये को एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 68–एफ के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही</u>**

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने Eskuf Cough Syrup व Phensedyl Cough Syrup की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य अभियुक्त 1–विभोर राणा पुत्र ठाकुर गजराज सिंह निवासी शास्त्रीनगर सहारनपुर 2–विशाल सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी सहगल हास्पिटल के पास शास्त्रीनगर सहारनपुर द्वारा स्वंय एवं परिवारीजन के नाम पर तस्करी से अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 12 करोड़ 55 लाख रूपये को एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 68–एफ के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

———————